दिनांक 26 से 29 दिसम्बर, 2017 तक जनपद महाराजगंज के भ्रमण आख्या

टीम के सदस्य

1. श्री आजम खान मानिटरिंग एण्ड डाक्यूमेन्टेशन आफिसर
2. श्री राजीव दुबे, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, बाल स्वास्थ्य
3. श्री अरुण श्रीवास्तव, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, एन.यू.एच.एम.

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निचलौल

भ्रमण बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
1. मातृ मृत्यु की सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 13 की गयी है, परन्तु सिर्फ 01 की आडिट किया गया था।	प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को तत्काल आडिट कराते हुये जनपद को सूचना दिये जाने हेतु सुझाव दिया गया।	ब्लाक स्तर
2. आयूसीडी कक्ष में एन.बी.एस.यू. का रेडियन्ट वार्मर एवं फोटोथेरिपी पाया गया जो अनुचित है।	तत्काल एन.बी.एस.यू युनिट को अलग कक्ष में स्थापित कराया जाय।	ब्लाक स्तर
3. आई.एल.आर. में वैक्सीन टोकरी नही थी।	वैक्सीन टोकरी की व्यवस्था करायी जाय।	ब्लाक स्तर
4. वैक्सीन कक्ष में लेबर रूम में इस्तेमाल होने वाली केस सीट पायी गयी।	इसको तत्काल लेबर रुम में रखवाया गया एवं भविष्य में पूर्नरावृत्ति न हो।	ब्लाक स्तर
5. हब कटर, वजन मशीन खराब पायी गयी।	तत्काल स्टोर से मंगाकर उपलब्ध कराया गया।	ब्लाक स्तर
6. प्रसव रजिस्टर में मासिक रिपोर्ट नही बनायी जा रही थी।	प्रत्येक माह इसको बनाया जाना सुनिश्चित कराया जाय।	ब्लाक स्तर
7. स्टेलाइजेशन रजिस्टर नही बना हुआ था।	तत्काल रजिस्टर बनवाया जाय।	ब्लाक स्तर
8. मॉ प्रोग्राम हेतु आशाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि जनपद स्तर से ब्लाक को उपलब्ध नही करायी गयी है।	डी.सी.पी.एम. एवं डैम के द्वारा सुनिश्चित कराया जाय।	जनपद स्तर
9. लेबर रुम में डिजीटल थर्मामीटर नही था।	इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।	ब्लाक स्तर
10. डिलीवरी के उपरान्त पेसेन्ट के डिस्चार्ज का समय दर्ज नही किया जा रहा था।	तत्काल अकित कराना सुनिश्चित किया गया।	ब्लाक स्तर

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमरुतिया, महराजगंज

भ्रमण बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
1. 7 प्रकार की 156 वायल लेबर रुम एवं स्टोर में एक्सपायरी पायी गयी।	एक्सपायरी रजिस्टर बनाया जाय एवं मेडिसीन को हमेशा चेक किया जाय।	जनपद स्तर से नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम.
2. आलमारी में मेडिसीन के साथ चावल, दाल, तेल एवं अन्य वस्तुएं रखी गयी थी।		
3. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था नही थी।	एल.ई.डी. बल्ब लगवाया गया।	
4. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु उपलब्ध करायी गयी सामग्री इकाई पर नही पायी गयी जैसे– कैलिस्पैड, आक्सीजन सेलेण्डर, रेफ्रिजरेटर, अग्निशमन यन्त्र, शिकायत पेटिका,	नोडल अधिकारी एन.यू.एच.एम. द्वारा इसकी जॉच कराते हुये उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय।	

डिलीवरी किट एवं अन्य		
5. ओपीडी प्रतिदिन 12 से 15 थी।	प्रचार प्रसार कराया जाय।	
6. इकाई पर उपलब्ध कराये गये सामान कन्डम सामान की तरह रखे पाये गये।	स्टोर की व्यवस्था करायी जाय।	
7. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डाक्टर की उपलब्धता नही है।	चिकित्सक की उपलब्धता के अनुसार सम्बद्ध किया जा सकता है।	
8. लैब टेक्नीशियन के द्वारा 1 से 2 जॉच ही प्रतिदिन की जा रही है।	राज्य स्तर से प्रेषित दिशा–निर्देशों के अनुसार रजिस्टर की उपलब्धता एवं अपडेशन सुनिश्चित कराया जाय।	
9. स्टाक रजिस्टर अपडेट नही था।		
10. डिलीवरी रजिस्टर, ए.एन.सी. रजिस्टर, एच.आर.पी. रजिस्टर एवं अन्य राज्य स्तर से उपलब्ध कराये गये रजिस्टर प्रारुप के अनुसार उपलब्ध नही थे।		
11. एम.सी.टी.एस. रजिस्टेशन एवं अपडेशन की स्थिति बहुत कम है (रजिस्टेशन मदर 223/1184) विगत 30 दिवस में कोई भी रजिस्टेशन नही किया गया है।	डाटा कम एकाउन्ट असिस्टेंट के द्वारा 7 दिवस में बैकलाग पूर्ण किया जाय।	डाटा कम एकाउन्ट असिस्टेंट एवं नोडल अधिकारी, एन.यू.एच.एम.
12. कमिटेड की धनराशि का व्यय लगभग 5 प्रतिशत है।	डाटा कम एकाउन्ट असिस्टेंट नोडल अधिकारी एवं जिला लेखा प्रबन्धक के साथ समन्वय स्थापित करते हुये नियमानुसार इसका व्यय सुनिश्चित कराना सुनिश्चित किया जाय।	

वी.एच.एन.डी., प्रथमिक विद्यालय गिरहरियां

भ्रमण बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
1. वी.एच.एन.डी. सत्र स्थल पर ए.एन.एम., आशा, आंगनवाडी, आशा संगिनी उपलब्ध थी।	–––	–––
2. सभी वैक्सीन उपलब्ध थी।	–––	–––
3. हब कटर एव बी.पी. स्टूमेंट अक्रियाशील पाये गये।	उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाय।	ब्लाक स्तर
4. भ्रमण के समय 22 में से 10 लाभार्थियों का वैक्सीनेशन किया गया था।	सत्र स्थल के विषय मे प्रचार प्रसार कराया जाय।	

उपकेन्द्र, दरौली

भ्रमण बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
1. उपकेन्द्र पर रनिंग वाटर एवं पावर बैकअप की व्यवस्था नही थी।	वर्ष 2018–19 की कार्ययोजना में शामिल किया जाय।	ब्लाक एवं जनपद स्तर
2. हब कटर खराब पाया गया।	उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।	

संयुक्त जिला चिकित्सालय, महराजगंज

भ्रमण बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
1. एन.आर.सी. भवन के सामने बोर्ड डिस्प्ले नही था।	चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर समस्त कमियों का निस्तारण 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें।	जनपद स्तर से
2. एन.आर.सी. स्टाफ को विगत वर्ष इन्क्रीमेंट नही दिया गया था।		
3. एन.आर.सी. में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मी को माह जुलाई से		

मानदेय प्रदत्त नही की गयी है। सफाई कर्मी को मात्र 3000/– प्रतिमाह की दर से एजेन्सी के द्वारा भुगतान किया जा रहा है, जोकि वर्ष 2017–18 हेतु रु0 7500/– प्रतिमाह प्राविधानित है।		
4. एन.आर.सी. में कम्प्यूटर प्रिन्टर स्थापित नही किया गया है।		
5. विटामीन ए सिरप उपलब्ध नही था।		
6. एन.आर.सी. में 14 दिनों तक ही बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।		
7. माह जुलाई से आशा एवं आंगनवाडी को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही किया गया है।		
8. नवम्बर माह से बच्चों की मॉ को प्रदान की जाने वाली वेजकम्पेंशसन की भुगतान लम्बित है।		
9. एस.एन.सी.यू. में 12 बेड में 15 बच्चों को भर्ती किया गया था।	अतिरिक्त बेड हेतु पी.आई.पी. में सम्मिलित किया जाय।	जनपद स्तर
10. 4 स्टाफ नर्स द्वारा एफ.बी.एन.सी. प्रशिक्षण कराया गया है एवं 4 शेष है।		
11. एस.एन.सी.यू. में भर्ती बच्चों हेतु उपलब्ध करायी गयी केस शीट का उपयोग नही किया जा रहा था।	चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर समस्त कमियों का निस्तारण 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें।	जनपद स्तर से
12. एस.एन.सी.यू. हेतु डाटा इन्ट्री आपरेटर एवं गार्ड का चयन नही किया गया है।		
13. के.एम.सी. में उपलब्ध दो कुर्सीयां खराब थी।		
14. प्रसव कक्ष में आटोक्लेव उपलब्ध नही था।		
15. प्रसव कक्ष में सभी प्रोटोकाल पोस्टर उपलब्ध नही थे।		
16. लेबर रुम के वाथरुम में गन्दी चद्दर रखी हुई थी।		
17. प्रसव हेतु दोपहर 2 बजे के बाद कोई भी डाक्टर उपलब्ध नही रहते है। जिसके कारण मरीजों को गोरखपुर रेफर किया जाता है।		
18. लेबर रुम हेतु उपलब्ध कराये गये रजिस्टर अपडेट नही थे।		
19. आर.के.एस. राज्य स्तर द्वारा उपलब्ध कराये गये रजिस्टर मे न बनाते हुये अलग से सामान्य रजिस्टर में बनाया गया था।		जनपद स्तर से
20. जिला चिकित्सालय में शिकायत पेटिका नही पायी गयी।	मुख्य चिकित्सा अधिक्षक 2 कार्य दिवसों के अन्दर लगाने का आश्वासन दिया।	जनपद स्तर से

<u>वित्तीय समीक्षा–</u>

1. कमिटेड करायी गये सभी धनराशि का मदवार समीक्षा की गयी। कई मदों में कमिटेड से अधिक व्यय दर्शाया गया है जैसे – A.2.2.1.1, B.16.2.1.3.1, G.1.3.b.ii, G.1.4 एवं अन्य।
2. M एवं O मदों में कमिटेड करायी गयी धनराशि का व्यय शून्य है।

3. कुछ मदों में कमिटेड के सापेक्ष व्यय बहुत कम दर्शाया गया है।
4. माह नवम्बर का मानदेय अभी प्रदान नही किया गया है।
5. जिला लेखा प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि इस वर्ष हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय 58 प्रतिशत है, जोकि बहुत कम है।

पी.आई.पी. समीक्षा–

1. 03 वर्षों हेतु कार्ययोजना ब्लाक स्तर से तैयार कराते हुये जनपद स्तरीय कार्ययोजना तैयार करायी जाय, जिस के लिये ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन कराया जाय।
2. नवीन प्रस्ताव को भी कार्ययोजना में पूर्ण विवरण के साथ सम्मिलित किया जाय।
3. जो उपकेन्द्र एल 1 के रुप में संचालित किये जा रहे है वहां पावर बैकप एवं रनिंग वाटर की उपलब्धता हेतु प्रस्ताव तैयार कराया जाय।
4. एस.एन.सी.यू. मे लाभार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते हुये अतिरिक्त इक्यूमेंट एवं स्टाफ हेतु प्रस्ताव कार्ययोजना में सम्मिलित कराया जाय।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं को मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी, आर.सी.एच., सी.एम.एस., जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक एवं डाटा कम एकाउन्ट असिस्टेंट, एन.यू.एच.एम. के साथ बैठक कर अवगत कराया गया। जिसके क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी, आर.सी.एच. के द्वारा समस्त कमियों का निस्तारण 15 दिवस के अन्दर किये जाने का आश्वासन दिया गया।



अरूण श्रीवास्तव
पी0सी0(एन0यू0एच0एम0)

(राजीव कुमार दूबे)
पी0सी0(बाल स्वास्थ्य)

(मो0आजम खॉ)
एम0 एन्ड डी0 आफिसर(सी0पी0)